



# विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ा कदम : उपमुख्यमंत्री देवड़ा

▸ **तेजी से आगे बढ़ते मध्यप्रदेश को मिलेगा विशेष लाभ**

**प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्रीसीतारमण का जताया आभार**

**केंद्रीय बजट पर दी प्रतिक्रिया**

**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की ओर एक बड़ा कदम है। उन्होंने मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण को कोटि-कोटि बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यप्रदेश जैसे तेजी से विकसित हो रहे राज्य को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेज गति से अपनी जीडीपी में बढ़ोतरी कर रहा है। पूंजीगत व्यय में हमारा प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। अब कैपेक्स बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ किया गया है। केन्द्रीय बजट में पूंजीगत व्यय के लिये राज्यों को विशेष पूंजीगत सहायता योजना में 2 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। जो विगत वर्ष से 50 हजार करोड़ रूपये अधिक है। इस योजना में मध्यप्रदेश को लगभग 15 हजार करोड़ रूपये प्राप्त होने की संभावना होगी। इससे अधोसंरचनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने में भी मदद मिलेगी। अन्य राज्यों की तुलना में म.प्र. में एमएसएमई विकास का सबसे अच्छा इको-सिस्टम बना है। इस बजट से एमएसएमई सेक्टर को भरपूर विस्तार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, युवा अन्नदाता और नारी शक्ति वर्ग पर विशेष फोकस है। उन्होंने कहा बजट में जिन तीन प्रमुख कर्तव्यों का उल्लेख है म.प्र. उनका पालन करते हुए आगे बढ़ रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्थ केयर इकोसिस्टम पर विशेष जोर दिया गया है। जिला अस्पतालों को अपग्रेड किया जायेगा। जिससे बुजुर्गों के इलाज पर विशेष ध्यान दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी जिससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी। देश के प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास का निर्माण करने की अनूठी पहल बजट में की गई है। भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की पहल से मध्यप्रदेश जैसे तेजी से आगे बढ़ते राज्यों को भी लाभ होगा। मध्यप्रदेश पर्यटन की संभावना से भरपूर राज्य है इसलिए केंद्रीय बजट में पर्यटन विकास संबंधी प्रस्ताव स्वागत योग्य है। प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर 10 हजार गाइड रखें जायेंगे, जिससे पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएँ बढ़ेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि इनकम टैक्स में छोटे करदाताओं के लिये प्रक्रिया आसान होगी। राजकोषीय घाटे का 4.3 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुल 53 लाख 47 हजार करोड़ का बजट में पूंजीगत व्यय का अनुमान 12 लाख 21 हजार करोड़ रखा गया है। जी.डी.पी के लिये 393 लाख करोड़ का अनुमान रखा गया है जो विगत वर्ष की जी.डी.पी के अनुमान से 10 प्रतिशत अधिक है। इससे सभी राज्य जीडीपी में अपना योगदान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

### आर्थिक वृद्धि, जन आकांक्षाओं का सम्मान और सबका साथ सबका विकास

बजट की विशेषताएं बताते हुए देवडा ने कहा कि मोदी सरकार 3 .0 का तीसरा बजट 'सबका साथ-सबका विकास' की भावना के अनुरूप है। बायोफार्मा हब बनाने की पहल के दूरगामी परिणाम आएंगे। विनिर्माण क्षेत्रों का रणनीतिक विकास किया जायेगा। लखपति दीदी विस्तार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की पहल स्वागत योग्य है। इसके तहत सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर मार्ट बनाए जाएंगे जो क्लस्टर स्तरीय फेडरेशन के अंतर्गत सामुदायिक खुदरा आउटलेट्स के रूप में भी कार्य करेंगे। इससे मध्यप्रदेश में महिला उद्यमिता को भरपूर प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ध्यान दिया गया है इसका लाभ मध्यप्रदेश को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में उभरते सेमीकंडक्टर सेक्टर को बजट से सपोर्ट मिलेगा। वस्त्र उद्योग सेक्टर में रिफार्म से राज्य को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि 5 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों का विकास किया जायेगा। शहरी आर्थिक क्षेत्रों पर 5 साल में 5 हजार करोड़ खर्च किये जायेंगे। छोटे शहरों में तीर्थ स्थल विकसित होने से छोटे शहरों की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा।




# स्वच्छता का यह सत्याग्रह एक दिन अवश्य सफल होगा : राजनारायण भटनागर

**मन्दसौर।** स्वतंत्रता आंदोलन के समय भी देश की आजादी के लिए जनता ने सत्याग्रह किया था। आज एक बार फिर मन्दसौर अनुरागी जनता अपने मन्दसौर नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए प्रत्येक माह के पहले रविवार को पदयात्रा के माध्यम से सत्याग्रह कर रही है। तत्संबंध में तीन वर्ष पूर्व अनुराग संस्था द्वारा एक स्वच्छता प्रस्ताव भी नगर पालिका के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिसका अनेक बार स्मरण भी कराया गया किंतु आज तक वह क्रियान्वित नहीं हो पाया है। मन्दसौर अनुरागी स्वच्छता प्रस्ताव के अमल में सहयोग की भावना के साथ आशान्वित है कि एक न एक दिन सत्याग्रह अवश्य ही सफल होगा।

उक्त बात समाजसेवी राजनारायण भटनागर ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे।

अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में दिनेशदास बैरागी, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, रामचंद्र रैकवार, सत्यनारायण भूरिया, रमेश सोनी, श्रीचंद भावनानी, दीपेंद्र सोनी आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

## एक नजर में

### ये बजट अपार अवसरों का मार्ग है : राजेश दीक्षित



**मंदसौर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट भविष्य के स्वर्णिम अवसरों का राजमार्ग है। बजट में , रक्षा, सशक्त भारत के साथ चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और मूलभूत सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखा गया है और उसकी पूर्ति के लिए बजट आवंटित किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी होकर सबका साथ, सबके प्रयास से सबका विकास वाले मंत्र को परिभाषित करता है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है और भारत के उज्वल भविष्य की नींव को सशक्त करता है। ये बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है।

### सांदीपनी विद्यालय गरोठ में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा संपन्न




**गरोठ।** सांदीपनी विद्यालय गरोठ में 5 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी मंदसौर के तत्वावधान में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट की शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। यह परीक्षा क्रमशः दिनांक 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को आयोजित हुई। कमान अधिकारी कर्नल ज्योति प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में सांदीपनी विद्यालय गरोठ के 40 एवं सांदीपनी विद्यालय भानपुरा के 35 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा के दौरान कैडेट्स का मूल्यांकन मैप रीडिंग, हथियार प्रशिक्षण, ड्रिल, लीडरशिप, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, सामान्य ज्ञान, एनसीसी जनरल तथा सैन्य इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किया गया। परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन में सूबेदार सुखवीर सिंह, हवलदार प्रवीण रघुते, सांदीपनी विद्यालय गरोठ के एनसीसी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह तथा सांदीपनी विद्यालय भानपुरा के केयरटेकर भीमसेन वाधवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से परीक्षा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

### बादाम बाई चपरोत के निधन पर परिजनों ने की मानव सेवा



**मंदसौर।** जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक श्री संघ के महामंत्री हेमंत चपरोत एवं मनीष चपरोत की पूज्य माताजी, वरिष्ठ सुश्राविका बादाम बाई चपरोत के देवलोकगमन के पश्चात चपरोत परिवार ने शोक की घड़ी में भी मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। परिजनों की सहमति से लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से दिवंगत बादाम बाई चपरोत का नेत्रदान संपन्न हुआ। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जित करने की प्रक्रिया पूर्ण की। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि लायंस क्लब मंदसौर के प्रयासों और जन-जागरूकता से शहर में नेत्रदान के प्रति एक नई अलख जागी है। इस सत्र का यह 33वां नेत्रदान है, जो नेत्रदान के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रतीक है। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव डॉ. विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी, सुनील बाफना, शैलेन्द्र चौरडिया, रवि रिजवानी एवं मयूर सुराना ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब के पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस पुण्य निर्णय के लिए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया।

### स्वच्छ नदी से ही स्वस्थ जीवन संभव : विधायक जैन




**मंदसौर।** आज शिवना शुद्धिकरण अभियान के 88वें दिन श्रमदानियों ने शिवना नदी से कचरा, गंदगी और जमी हुई अशुद्ध सामग्री को बाहर निकाला। इसके साथ-साथ नदी के आसपास फैले प्लास्टिक, पन्नी, बोतलें व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को भी साफ किया गया। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन ने आमजन से विशेष अपील की कि वे नदी को कूड़ेदान न समझें। नदी में गंदा कचरा, प्लास्टिक, पूजा-पाठ की सामग्री या अन्य अपशिष्ट पदार्थ डालने से जल प्रदूषण बढ़ता है। यही प्रदूषित जल आगे चलकर बीमारियों के रूप में समाज के पास वापस लौट आता है। श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदान करने जरूर पधारे। रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 88वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, बालकृष्ण पोरवाल, राकेश जैन पिंटू, नमन पालीवाल, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत , महिला नेत्रीयों में रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, दीपाली पोरवाल, कांग्रेसजन मे राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, संजय नाहर, दिलीप देवड़ा, रमेश बृजवानी, राजेश खिंची, अकरम खान, सादिक गौरी, अजय सोनी, आमीन खान, रमेश कुमावत, शिवशंकर सोलंकी, दुर्गेश चंदेल, राकेश सेन, प्रकाश कहार, नितनेश बसेर, ऋषिराज लाड़, प्रिंस सत्रावाला, गोपाल बंजारा आदि श्रमदान में उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण आमजन के साथ सुना



**मंदसौर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आज भाजपा के जनप्रतिनिधिजनों एवं संगठन पदाधिकारीयो ने जनमानस के साथ केंद्रीय बजट को बड़ी स्क्रीन लगाकर जिले के सभी मंडलों के साथ जिला मुख्यालय पर स्थिति गांधी चौराहे पर लाइव सुना।

प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा 'विकसित भारत' के संकल्प को सशक्त करने वाला बजट प्रस्तुत किया गया। यह बजट भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीकृइन चार प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है। बजट का उद्देश्य तेज़ आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करना है। सरकार ने बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि,एमएसएमई, स्टार्ट-अप, नवाचार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है। इन पहलों से देश की आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास को नई दिशा देता है तथा भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दोहराता है।

केंद्रीय बजट के इस लाइव कार्यक्रम में जिला मुख्यालय मंदसौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ,पूर्व विधायक सिसौदिया, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, न.पा. अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, महेश जूनवाल, मिथुन वस्ता, मनोज चौधरी, पप्पू चंदवानी, हितेंद्र भाटी, हेमंत सोलंकी, राजाराम तंवर, शाहिद आदी अनेक लोग उपस्थित रहे।

# रामस्नेही सम्प्रदाय के संस्थापक स्वामी रामचरण महा. की 306वीं जयन्ती श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाई



**मन्दसौर।** अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के संस्थापक स्वामी रामचरण महा. की 306 (तीन सौ छह) वीं जयन्ती रामटेकरी रामद्वारा के अधिष्ठाता अर्न्तराष्ट्रीय संत स्वामी रामनिवास महाराज के सानिध्य में तथा रामद्वारा रामटेकरी की प्रबन्धिका दीदी लाडकुंवर के मार्गदर्शन में श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाई गई।

?प्रात: पूजन, भजन, गुरुवाणी पाठ के साथ महाआरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में रामस्नेही भक्त एवं श्रद्धालुजन उपस्थित हुए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए स्वामी रामनिवास महाराज ने स्वामी रामचरण महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला एवं कहा कि स्वामी जी के द्वारा स्थापित रामस्नेही सम्प्रदाय आज अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित है। भक्तजन राम नाम के प्रताप से अपना जीवन सार्थक कर रहे हैं।

?इस अवसर पर विजयवर्गीय समाज के प्रमुख भगवान दास विजयवर्गीय, गीता भवन के उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, सोहनलाल कोठारी एड., डॉ. दिनेश तिवारी, पं. अशोक त्रिपाठी, कन्हैया विजयवर्गीय, स्वामी जी के कृपापात्र रामस्नेही भक्त श्याम सेठिया, सूरजमल गर्ग चाचाजी ने भी संबोधित किया एवं रामस्नेही संतों के प्रति आदर भाव प्रकट किये।

आयोजन का संचालन दीदी लाडकुंवर ने किया। इस अवसर पर विनोद चौबे, शेष नारायण माली, चैतन्य आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, जगदीश काबरा, शुभम बैरागी, शुभम उपाध्याय, भागीरथ चारण, सुभाष अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, सहित विजयवर्गीय समाज बन्धु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इनके अलावा विद्या उपाध्याय, पूजा बैरागी, रानू विजयवर्गीय अनुष्का बैरागी, रानू, अखावत भाभी, ज्योति पोरवाल, सुमित्रा चौधरी, नैना कुंवर हड़पावत, चित्रा मंडलोई, माता जी श्रीमती मंडलोई, दाखा बाई (माताजी) सहित बड़ी संख्या में माता बहनें उपस्थित थीं। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम बटवाल ने स्वामी राम निवास जी महाराज को आरती संग्रह भेंट किया।

# शिक्षक जगदीश चंद्र आंजना को सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक दी विदाई




**मंदसौर। प्राथमिक विद्यालय भोलिया के सहायक शिक्षक जगदीश चंद्र आंजना को विद्यालय परिवार द्वारा सेवा निवृत्ति पर भाव भीनी बिदाई दी।**

यह गरिमामय कार्यक्रम संकुल प्राचार्य गणेश राम सूर्यवंशी जी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शंकर लाल आंजना मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभागीय अध्यक्ष, रामचंद्र लोहार मध्य प्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय संघ मीडिया प्रभारी, पंकज गहलोत बीएसी एवं संभागीय कार्यकारिणी सदस्य मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, कांतिलाल राठौड़ जिला कोषाध्यक्ष, रघुवीर सिसोदिया ब्लॉक अध्यक्ष, जुझार लाल चौहान, रमेश चंद्र मालवीय, मुकेश राठौर तथा श्री भगवान सिंह आंजना शिक्षक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, राजेश शर्मा बी ई ओ एवं प्राचार्य धमनार, पूर्व शिक्षक में भेरुलाल भारती, भुवन अहिरवार, भगवानलाल परमार चन्द्रवंशी, सुखलाल परमार, भारत सिंह पंवार, जड़ाव चंद परमार्थ, ब्रजेश टांकवाल, चैन सिंह दांगी ग्राम पंचायत सरपंच, दिलीप कुमार जैन, गोपाल कटारिया, चैन राम सोलंकी, रविंद्र सिंह,श्री डांगी, अहिरवार, मनोहर लाल देवड़ा एमसी के अध्यक्ष तथा अन्य कई गणमान्य नागरिक बंधु उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को माल्यार्पण करके की गई जिसमें विद्यार्थियों द्वारा शानदार सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किए गए।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आंजना को एक प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया जिसमें जगदीश चंद्र आंजना के द्वारा अपनी 44 वर्ष की शिक्षकीय यात्रा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का वर्णन किया गया साथ ही माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय भोलिया के द्वारा भी एक शानदार प्रशस्ति पत्र में अंजना के यशोगान का वर्णन किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा आँजना को शाल श्रीफल तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी अतिथि ने आंजना के द्वारा जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में की गई अनोखी सेवाओं को याद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सेवानिवृत हो रहे शिक्षक की जगदीश आंजना ने अपनी तरफ से विद्यालय में एक आर. ओ, एक डायस तथा 5 टेबल कुर्सियों का सेट विद्यालय में भेंट करने की घोषणा की। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा वितरित किए जाने वाले वार्षिक कैलेंडर में 3000 रु की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की।जिसका सभी उपस्थित महानुभावों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के पश्चात सभी विद्यालय परिवार एवं अतिथि महोदय को स्वादिष्ट भोजन कराया गया।

अंत में विदा हो रहे शिक्षक को शानदार ओपन जीप में बिठाकर एवं डीजे संगीत के साथ पूरे गांव में भ्रमण करते हुए उनके निवास स्थान गांव राती खेड़ी तक कई लोगों ने साथ में जाकर उन्हें घर तक पहुँचाया।

# देश की जनता को फिर मिली निराशा, केन्द्रीय बजट में कुछ भी नया नहीं : पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष टूटेजा



**मंदसौर।** बजट में कुछ खास नहीं है हर बार की तरह सिर्फ आमजनों की झुझुना पकड़ा दिया गया है। जो पिछले 11 वर्षो से केन्द्र की भाजपा सरकार कर रही है वहीं इस बार भी किया है बजट सिर्फ और सिर्फ आंकड़ो का मायाजाल है। उक्त बात कहते हुए जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मनजीतसिंह टूटेजा ने बताया कि इस बजट से न तो महंगाई कम हो रही है और ना ही आमजन को कोई विशेष राहत मिल रही है।

बजट अर्थ व्यवस्था के लिए कितना हानिकारक है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बजट भाषण के बाद भारतीय शेयर बाजार बुरी तरह से धाराशाही हो गए। भारत की अर्थव्यवस्था का केन्द्र मान जेने वाली खेती के लिए बजट में कुछ नया नहीं है। युवा किस प्रकार खेती को लाभ का व्यवसाय बनायें इसे लेकर बजट में कुछ नहीं है किसानों की आय दुगुनी करने की बातें सिर्फ भाजपा के भाषणों तक ही सिमित है। पहले कांग्रेस की सरकार के समय केन्द्रीय बजट का अत्यधिक महत्व होता था लेकिन अब वस्तुओं के दाम जीएसटी से तय होते है और इसके लिए जीएसटी काउंसिल बनाया हुआ है ऐसे में बजट में जो बताया गया है कि यह वस्तुएं सस्ती हुई है उसका सीधा लाभ कभी आम जनता को नहीं मिलता। श्री टूटेजा ने कहा कि रोजगार को लेकर बजट में कुछ नहीं है बेरोजगारी कैसे कम होगी नौकरियां कैसे बढ़ेगी इस पर बजट में कुछ नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट देश के किसान, युवा, उद्यमी, नौकरीपेशा और आमजन सभी के लिए निराशाजनक रहा है।



# उज्जैन में मंदसौर के निशानेबाजों का दबदबा : अंतर-क्लब शूटिंग प्रतियोगिता में जीते 9 पदक

**मंदसौर। उज्जैन में 30 और 31 जनवरी को संपन्न हुई तृतीय अंतर-क्लब राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों ने अपनी अचूक निशानेबाजी का लोहा मनवाया है। इस संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में नियुद्ध एयरगन शूटिंग एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मंदसौर के 9 होनहार निशानेबाजों ने विभिन्न आयु वर्ग में पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है।**

प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के कई प्रतिष्ठित क्लबों और एसोसिएशनों ने भाग लिया था। कड़े संघर्ष के बीच मंदसौर के खिलाड़ियों ने शानदार एकाग्रता दिखाते हुए कुल 4 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में लखन सेन, अर्पण भंडारी, सान्वी कालरा एवं विशाल धनगर ने स्वर्ण पदक जीता वहीं डिना हरतलिया, यशवर्धन चौहान, हिमाद्री सोनी एवं अर्पित सुथार ने रजत पदक व वर्षा सेन ने कांस्य पदक जीता।

खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक डॉ. नियुद्धाचार्य नरेन्द्र श्रीवास्तव, नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, एवं जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी।

**एक नजर** ▸ पिपलिया मंडी में 'अभिव्यक्ति ओपन माइक' का (24 वा संस्करण)यादगार साहित्यिक-सांस्कृतिक आयोजन

# जहाँ शब्द बोले, सुर महके और संवेदना मुस्कुराई




**पिपलियामंडी।** पिपलिया मंडी में आयोजित अभिव्यक्ति ओपन माइक का 24 वा संस्करण आयोजन 31 जनवरी 2026 को सम्पन्न हुआ और साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शब्द, सुर और संवेदना के अद्भुत संगम के रूप में यादगार बन गया। इस आयोजन में कविता, ग़ज़ल, गीत, हास्य-व्यंग्य, मिमिक्री और वादन की विविध प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंचल के शिक्षाविद एवं इतिहासकार श्यामलाल बोडाना तथा सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक विक्रम जी कनेरिया रहे। श्यामलाल जी बोडाना ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिपलिया मंडी जैसी छोटी जगह में इतने ख्यातनाम कलाकारों को एक मंच पर लाकर अभिव्यक्ति ओपन माइक ने ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने संस्था के प्रमुख संचालक शायर डी जे सिंह एवं मिमिक्री आर्टिस्ट व एंकर हेमंत कछावा को आशीर्वाद देते हुए आयोजन को अद्भुत व अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की कविता का पाठ भी किया। ललित जी कनेरिया ने आयोजकों एवं सहभागी कलाकारों और साहित्यकारों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवम सेक्सोफोन का अद्भुत वादन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

इसके बाद विक्रम कनेरिया, जो देश-प्रदेश में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं, ने बांसुरी वादन से माहौल को संगीतमय बना दिया।

एंकर हेमंत कछावा ने मंच संचालन के साथ-साथ मिमिक्री कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए राजेश खन्ना, सुनील शेट्टी, नाना पाटेकर, शाहरुख़ ख़ान, अनिल कपूर एवं कुछ प्रसिद्ध नेताओं की नकल कर श्रोताओं को हँसी से लोटपोट कर दिया।

इसके बाद अन्य कलाकारों ने भी प्रभावी प्रस्तुतियाँ दीं। शायर कलीम शाह, एजाज़ भाई जितेंद्र, विनोद गांधारी कवि ऋतिक शर्मा ने रचना पाठ किया, लखन राव ने मिमिक्री एवं शायरी प्रस्तुत की तथा पंकज शर्मा (तरुण) ने दोहों का स्वरपाठ किया। अजीत पामेचा ने 'हो जाए एक सुंदर शुरुआत इस महफ़िल से' गीत गाया। राम जी ने 'ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना' एवं 'रिमझिम गिरे सावन' गीत प्रस्तुत किए। कुँवर सुरेश चंद्र रावत (प्रतापगढ़) और हास्य कवि विकास सेन ने अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को हँसा-हँसा कर लोटपोट कर दिया। सुरेंद्र (शामगढ़) ने 'आने से उसके आए बहार' गीत गाया। सुनील राठौर ने वीर रस की स्वरचित कविता एवं 'राम कृपा करते हैं' भजन से वातावरण को भक्तिमय बनाया। विनोद जी गंधर्व ने 'चाँद मेरा दिल, चाँदनी महफ़िल' गीत गाकर श्रोताओं को सम्मोहित कर दिया।